तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 परसुली केंद्र में तीसरे दिन भी नहीं हुई खरीदी...


12 घुंचापाली में नहीं हो रही धान खरीदी, किसानों...


## खबर संक्षेप

### नशीली दवा का परिवहन दो युवकों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नशीली दवा का परिवहन कर रहे दो युवकों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है।आरोपियों के कब्जे से नाइट्रोसुन टेबलेट बरामद किया गया है। बसना पुलिस के अनुसार खटखटी ओवरब्रिज बसना के पास आरोपी वतन डडसेना पिता लोकनाथ डडसेना (28 साल) महलपारा वार्ड नं 09 पिथौरा थाना पिथौरा एवं शहबाज खान पिता शब्बीर खान (28 साल) वार्ड नं 1 अरेकेल थाना बसना के संयुक्त कब्जे के बिना नंबर एक्टीवा स्कूटी के सीट के नीचे डिग्गी अवैध नशीली दवाई टेबलेट नाइट्रोसुन टैबलेट कुल कीमत 1462.60 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मंडी एवं फ़ूड टीम की संयुक्त कार्रवाई, 2400 कट्टा अवैध धान जब्त

महासमुंद। धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई के निर्देश के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा नमिता मारकोले के मार्गदर्शन में आज मंडी विभाग एवं फ़ूड विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर कुल 2400 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। इस दौरान तहसीलदार नीतिन ठाकुर भी मौजूद रहे। अवैध भंडारण और परिवहन की शिकायत मिलने पर एसडीएम ने तुरंत छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत टीम ने दबिश देकर कुल 2400 कट्टा धान को अपने कब्जे में लिया। जब्त किए गए धान की प्राथमिक जांच रिपोर्ट तैयार कर आगे की विधिक प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सरकार की किसान हितैषी नीतियों और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जिले में इस प्रकार की निगरानी आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगी।

# ठंड के मामले में महासमुंद ने दिल्ली को किया पीछे, हवा की क्वालिटी भी बेहतर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिल्ली की सर्दी मशहूर है लेकिन, इस बार अंचल में पड़ रही ठंड ने दिल्ली को पछाड़ रखा है। जहां दिल्ली का औसत न्यूनतम पारा 15 डिग्री सेल्सियस है वहीं छत्तीसगढ़ सहित जिले में पिछले कई दिनों से औसत न्यूतनम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस है। सुबह पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। जेठ के महीने में जहां गर्मी से दिन में कर्फ्यू के हालात होते हैं, वहीं इन दिनों क्वांर के महीने में रात और अलसुबह ठंड के कारण कर्फ्यू के हालात नजर आ रहे हैं।



**क्षेत्र में पड़ रही है कड़ाके की ठंड**

नर्रा। रात का पारा गिरने से क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अलसुबह कोहरे की चादर से अंचल ढंकी रहती है। वहीं कड़ाके की ठंड के कारण लोगों के सेहत पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणजन ठंड से बचने लकड़ी की अंगीठी से अलाव का सहारा ले रहे है। धूप लोगों को भा रही है। शाम होते ही मौसम ठंडा होते हीलोग गर्म कपड़े स्वेटर जैकेट जर्सी शाल टोपी आदि उपयोग कर रहे है। वहीं ठंड के चलते दुकानों में गर्म कपड़ों में रजाई, कंबल, शाल, स्वेटर जैकेट आदि की मांग भी बढ़ गई है।

## आंदोलन: मिनी स्टेडियम बना अस्थाई जेल, कर्मचारियों ने जताया रोष

# जेल भरो आंदोलन के तहत सहकारी कर्मियों एवं ऑपरेटरों ने दी गिरफ्तारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- चार सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे आंदोलन

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं छ.ग. समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ के बैनर तले जिले के समस्त सहकारी कर्मचारियों और धान खरीदी ऑपरेटरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को जेल भरो आंदोलन कर शासन के प्रति अपना रोष प्रकट किया। कर्मचारियों के इस व्यापक आंदोलन के चलते जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम अस्थाई जेल में तब्दील हो गया, जहां बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तारी दी।

### आंदोलनकारी कर्मचारियों का संकल्प

सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू और समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी जायज मांगों को पूरा नहीं करती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां राज्य शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन उनके प्रति शासन का रवैया उदासीन है। मंगलवार के जेल भरो आंदोलन में रायपुर संभाग के सभी जिलों से विजय कुमार, संतोष कुमार पटेल, पुष्पेंद्र सिंह, रामकुमार वर्मा, प्रमोद कुमार यादव, राजेंद्र कुमार चक्रधारी एवं कर्मचारीयों सहित बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार को उनकी मांगों पर तत्काल विचार करना चाहिए, अन्यथा यह आंदोलन लंबे समय तक जारी रह सकता हैं।

कर्मचारियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल दौरान सामूहिक इस्तीफे के बाद अब जेल भरो आंदोलन का सहारा लिया है। हड़ताल के 15वें दिन भी जब सरकार ने उनकी सुध नहीं ली, तो जिले के लगभग 2500 से 3000 कर्मचारियों ने एकजुट होकर यह कदम उठाया। प्रशासन ने संभावित भीड़ और व्यवस्था को देखते हुए मिनी स्टेडियम को अस्थायी जेल बनाए गया। कर्मचारीयों ने लोहिया चौक से रैली के रूप में मिनी स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने जोरदार नारेबाजी की और अपनी मांगों को पूरा करने के लिए दबाव बनाया।

### प्रशासन की रही व्यवस्था

इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। नायब तहसीलदार मोहित अमिला और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने कर्मचारियों को नियंत्रित तरीके से अस्थाई जेल में दाखिल होने की प्रक्रिया पूरी की। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया।

# किसानों की निजी जमीन पर बिना मुआवजा दिए बिना बन रही सड़क

## विरोध के बाद निर्माण कार्य रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर



ओडिशा सीमा से लगे जटाकन्हार-पदमपुर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 2.450 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण 273.41 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह सड़क दोनों राज्यों के सीमावर्ती गांवों को जोड़ने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। लेकिन, किसानों के विरोध के चलते निर्माण अधूरा रह गया है और अब विवादों में घिर चुका है।

किसानों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार ने उनकी निजी जमीन पर बिना अधिग्रहण और मुआवजा दिए सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसी के चलते एक किसान ने अपनी निजी भूमि पर निर्माण कार्य रोक दिया, जिससे सड़क का लगभग 300 मीटर बीच का हिस्सा अधूरा रह गया और पुलिया निर्माण भी शुरू नहीं हो सका है।

### किसानों का आरोप, बिना अधिग्रहण निजी भूमि पर बन रही सड़क

ग्राम पलसापाली के किसान धोबादास, रामनाथ, शोभाराम, श्याम कुमार, नेहरूलाल, द्वारका सिदार, प्रेमलाल सिदार और झंडी सिदार ने पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार पीयूष कंस्ट्रक्शन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विभाग और ठेकेदार ने उनकी निजी भूमि पर बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया, भूमि अधिग्रहण या मुआवजा दिए बैगर सड़क का निर्माण कर दिया। यही नहीं निर्माण के दौरान खेतों में लगे सागौन, साजा, नीम, खैर और महुआ जैसे पेड़ों की कटाई भी कर दी गई और कटे हुए पेड़ों को ठेकेदार ने अपने कब्जे में ले लिया। इससे किसानों को दोहरी हानि हुई। एक ओर जमीन गई और दूसरी ओर लकड़ी का नुकसान हुआ।

### अधूरा निर्माण और पुलिया की कमी से बाधित आवागमन

सड़क का लगभग 300 मीटर हिस्सा अधूरा रह गया है और पुलिया निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है। बरसात के दिनों में यह मार्ग जलमग्न हो जाता है। जिसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और आम ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग बसना और पदमपुर को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, लेकिन अधूरे निर्माण और भूमि विवाद के कारण यह सड़क विकास की जगह विवाद का प्रतीक बन गई है।

पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता एसके निषाद का कहना है कि कि पूर्व में यह मार्ग कच्चा था। जिस पर ग्रामीण आवागमन होता रहा है। पंचायत और ग्रामीणों की मांग पर विभाग ने प्राक्कलन तैयार किया। मार्ग में एक किसान की लगभग 285 मीटर निजी भूमि आती है। प्रारंभ में किसान ने भूमि देने की सहमति दी थी, लेकिन अब वह मुआवजा मांगते हुए निर्माण कार्य रुकवा रहा है। एसडीएम, तहसीलदार और ग्रामीणों द्वारा बैठक कर समझाइश देने के बावजूद किसान तैयार नहीं।

## अमीन भर्ती परीक्षा 7 को, जिले के 16 परीक्षा केंद्रों में 4731 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा रविवार 07 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 12 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक एक पाली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्धारित 16 परीक्षा केंद्रों में जिले के 4731 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा गया है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूंढने में कोई कठिनाई न हो। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुँचे। ताकि फ्रिस्किंग तथा फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।

# बाप-बेटे ने की टॉकीज से कार और 80 हजार की चोरी, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के विठोबा टॉकीज से कार और 80 हजार रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी बाप-बेटे हैं। इनके कब्जे से कार और नगद रकम को बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अक्षय राव साकरकर पिता प्रकाश राव साकरकर ने बताया कि वह श्री विठोबा टॉकीज (सिनेमा गृह) महासमुंद का संचालक है। 16 नवंबर की रात लगभग 12:30 बजे तक श्री विठोबा टॉकीज के कार्यालय में अपना कार्य निपटाकर आलमारी में 80,000 रुपए को काले रंग और पीले रंग के बैग में रखकर ताला लगाकर घर चला गया था। 17 नवंबर की सुबह 6 बजे उसके भाई भूपेश साकरकर ने बताया कि वह सुबह जिम जाने के लिए गाड़ी लेने टॉकीज आया तो देखा कि कार्यालय की खिड़की टूटी हुई है और अंदर देखने पर तीन आलमारियां खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद प्रार्थी टॉकीज पहुंचा। कार्यालय का दरवाजा खोलकर अंदर गया और देखा कि आलमारी में रखे गए 80,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया है। वहीं



कार्यालय के उसके टेबल के दराज में रखे क्रेटा कार सीजी 06 जीयू 9990 की चाबी को निकालकर टॉकीज परिसर में उक्त कार को मेन गेट का ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया। पुलिस द्वारा मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखा गया तथा संदिग्ध लोगों की पता तलाश कर रही थी तथा प्रार्थी से टॉकिज के पूर्व कर्मचारियों की सूची लेकर जानकारी एकत्र करना शुरू किया गया। तभी प्रार्थी के द्वारा बताया कि रात्रि में टॉकिज के आसपास मनीष बंसोड़ को देखा गया है कि पुलिस की टीम के द्वारा मनीष बंसोड़ का पतासाजी कर पकड़ा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम मनीष बंसोड पिता संतोष बंसोड़ (18 वर्ष) वार्ड नं. 11 खैराभाठा थाना महासमुंद बताया। चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि टॉकिज का पैसा कहा रखतें हैं उसे पता था। दिनांक 16 नवंबर को विठोबा टॉकीज में रात्रि 12.45 बजे के आसपास वह अपने पिता संतोष बंसोड़ के साथ चोरी करने के इरादे से अपने घर से लाये सब्बल से तोडकर वह अंदर गया एवं उसके पिता बाहर में निगरानी कर रहा था। आरोपी ने आफिस के अंदर रखे टेबल के दराज व आलमारी को खोलकर देखा, जिसमें से क्रेटा कार की चाबी को निकाला और आलमारी में रखे काले रंग के बैग में रखे पैसा को निकाल लिया। पुलिस टीम ने आरोपी के पिता संतोष बंसोड़ पिता किशन बंसोड़ (45 वर्ष) वार्ड नं. 11 खैराभाठा को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 80,000 रुपये एवं क्रेटा कार कीमत 12,00,000 रुपए को जब्त कर धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया है।

# विभाग की लापरवाही, एकीकृत पंजीयन पोर्टल में रकबा शून्य, धान बेचने से वंचित होंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी शुरू होने के बीच विभाग की गंभीर लापरवाही के कारण किसानों के सामने अपने फसल को बेचने का संकट खड़ा हो गया है। सरकारी आंकड़ों में किसानों की ज़मीन का रकबा एकीकृत पंजीयन पोर्टल पर शून्य दिखा रहा है। इस तकनीकी और प्रशासनिक चूक के चलते, जिले के ग्राम खट्टा और धनसुली समेत पिथौरा क्षेत्र के सागुनढाप और लोहरीनडोंगरी के किसान धान बेचने के लिए टोकन लेने और पंजीयन कराने से वंचित हो गए हैं। किसानों को राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होता है। इसके बाद ही उन्हें समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए



टोकन जारी किए जाते हैं।


जिले में इस वर्ष पंजीयन प्रक्रिया में राजस्व विभाग और पंजीयन विभाग के बीच समन्वय की कमी या डेटा माइग्रेशन में हुई चूक का असर साफ़ दिख रहा है। जिले के खट्टा और धनसुली के मिथलेश, सदाराम, नारायण, पवन कुमार, नारायण साहू, योगेश साहू एवं अन्य किसानों ने बताया कि जब वे धान बेचने के लिए अपना पंजीयन नंबर पोर्टल पर डाल रहे हैं, तो उनके नाम पर दर्ज जमीन का रकबा शून्य हेक्टेयर प्रदर्शित हो रहा है। किसानों ने कहा कि हमने साल भर मेहनत करके फसल उगाई, लेकिन विभाग की गलती से पोर्टल पर हमारी जमीन ही गायब हो गई। अगर रकबा शून्य दिखाएगा, तो हम धान कैसे बेचेंगे। हमारे घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई, और अगली फसल की तैयारी सब रुक जाएगी। यह सिर्फ तकनीकी गलती नहीं, यह अन्नदाता के प्रति संवेदनहीनता है।

### पिथौरा क्षेत्र में भी यही विकट समस्या

पिथौरा क्षेत्र के सागुनधाप और लोहरीनडोंगरी जैसे दूरस्थ ग्रामों के किसान भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं, जिन्होंने हाल ही में जमीन का नामांतरण कराया है या बंटवारा हुआ है। लोहरीनडोंगरी के लक्ष्मण पटेल ने बताया है कि कई महीनों से हम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। हमारे पास सभी वैध दस्तावेज हैं, खसरा-बी1 में हमारा रकबा दर्ज है, लेकिन पोर्टल में शून्य है। अगर हमारा धान नहीं बिका तो कर्ज कैसे चुका पाएंगे। प्रशासन को जल्द से जल्द राजस्व रिकॉर्ड और ऑनलाइन पोर्टल के डेटा को सुधार करना चाहिए।

### विभागीय तालमेल की कमी, त्रुटि का मुख्य कारण

यह समस्या मुख्य रूप से भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और एकीकृत पंजीयन पोर्टल पर समय पर अपडेट नहीं होने के कारण उत्पन्न हुई है। किसानों का नामांतरण, फौती या बंटवारा होने के बाद भी राजस्व रिकॉर्ड की जानकारी को खाद्य एवं कृषि विभाग के पोर्टल पर तत्काल हस्तांतरित नहीं किया गया। विभाग ने किसानों के सही रकबे की जांच किए बिना ही पोर्टल को चालू कर दिया। इससे एक तरफ धान खरीदी में पारदर्शिता की बात की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक शिथिलता के कारण वास्तविक किसान कष्ट में हैं।



**खबर संक्षेप**

### धान खरीदी में व्यवधान कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**महासमुंद।** धान खरीदी में व्यवधान उत्पन्न करने वाले कर्मचारी के खिलाफ सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा महासमुंद के पर्यवेक्षक द्वारिका साहू पिता स्व. कलीराम साहू ने दिए गए आवेदन में बताया कि 16 नवंबर को प्राथमिक कृषि साख सहकारी खट्टी के विक्रेता कौशल साहू के द्वारा धान खरीदी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की सूचना मिली थी। जिस पर आरोपी नाम से एफआईआर दर्ज कराने हेतु प्रार्थी अधिकृत किया गया है। दिए गए आवेदन के आधार पर आरोपी के छग अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता अधिनियम 1979 के तहत सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है।

### जिपं सीईओ ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र, नक्शा त्रुटि सुधार, अतिक्रमण हटाने, पीएम आवास, वन अधिकार पट्टा, सीमांकन, अवैध कब्जा तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। जन चौपाल में ग्राम घोंच पिथौरा निवासी गौर सिंग ने धान की मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह बसना निवासी शबाना निशा ने अपने पैतृक घर में अवैध कब्जे के संबंध में आवेदन, पटेवा निवासी कुशन्ती बाई ने लोन वसूली पर रोक लगाने हेतु आवेदन, ग्राम चनौरडीह बसना निवासी दिलीप मार्टिन ने काश्त भूमि विक्रय हेतु आवेदन, ग्राम बेमचा महासमुंद निवासी मोतीराम साहू ने सामाजिक प्रताड़ना के विषय में आवेदन, ग्राम साराडीह महासमुंद निवासी बिसहत साहू ने निराश्रित वृद्ध पेंशन हेतु आवेदन किए। सीईओ नंदनवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**खरीदी:** आसानी से धान बेच पाए, समिति में पहले जैसी ही सुविधाएं

# कृषक लक्ष्मण, छगन और खोरबाहरा को धान विक्रय में नहीं हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और किसान-कल्याण की प्राथमिकता को धरातल पर उतारती हुई राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना आज किसानों के लिए वास्तविक परिवर्तन का माध्यम बन रही है। बेहतर समर्थन मूल्य, पारदर्शी एवं सुविधाजनक उपार्जन व्यवस्था तथा टोकन प्रणाली जैसे सुधारों ने धान विक्रय प्रक्रिया को सहज, तेज और भरोसेमंद बनाया है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ सीमांत कृषक से लेकर बड़े किसानों तक समान रूप से पहुंच रहा है और कृषक अधिक उत्साह और विश्वास के साथ उत्पादन बढ़ा रहे हैं। महासमुंद विकासखंड के ग्राम मोंगरा निवासी लक्ष्मण ध्रुव अपने 54 कट्टा धान का विक्रय करने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया उपार्जन केंद्र पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे 3 दिन पूर्व टोकन कटवाया है, जिससे उन्हें समय पर धान विक्रय की सुविधा मिली। शासन की पारदर्शी टोकन व्यवस्था और त्वरित पंजीयन ने उनकी प्रक्रिया को सहज बनाया। उनके पास एक एकड़ खेती है। इसी तरह मोंगरा निवासी खोरबहारा साहू ने बताया कि वे अपने 42 डिसमिल कृषि भूमि में 8.80 क्विंटल धान उत्पादन किया है। उन्होंने सतत देखभाल और शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ लेते हुए अपने फसल का उत्पादन किया है। उन्होंने बताया कि धान बेचने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। वहीं मोंगरा निवासी छगन लाल साहू ने अपने पिता पुनीत राम साहू के नाम पंजीकृत 10 एकड़ कृषि भूमि में इस वर्ष 250 कट्टा धान का उपार्जन किया है। सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी और समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने का निर्णय किसानों के लिए एक बड़ी राहत है। मोंगरा निवासी लक्ष्मण ध्रुव, खोरबाहरा साहू और छगन लाल साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# बोकरामुड़ा कला में दिव्यांगजनों के लिए विशाल शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



जनपद क्षेत्र के ग्राम बोकरामुड़ा कला में दिव्यांगजनों के हित में एक दिवसीय शिविर का आयोजन उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में किया गया। क्षेत्र के अनेक दिव्यांगजन विभिन्न सेवाओं का लाभ लेने पहुंचे। शिविर के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर रहे। शिविर में कुल 340 दिव्यांगजन उपस्थित हुए। कुल 184 पंजीयन, 55 प्रमाणीकरण, 7 प्रमाण पत्र नवीनीकरण, 15 सहायक उपकरण चिन्हांकन और 66 व्यक्तियों के यूडीआईडी कार्ड बनाए गए।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजन समाज की शक्ति हैं और उन्हें आवश्यक सहयोग और सम्मान प्रदान करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचना चाहिए। इस शिविर का उद्देश्य भी यही है कि किसी भी दिव्यांगजन को सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े।

इस अवसर पर मुख्य रूप से एमएल मंडावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी बागबाहरा, चिकित्सा अधिकारी बीएस बड़ाई, ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा कला में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य मनबाई मंगलू ठाकुर, जनपद सभापति तुलाराम ठाकुर, सरपंच कौशल्या पवन ठाकुर, लखनलाल साहू वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, मानसिंग बरिहा, गौतम मांझी सरपंच बोकरामुड़ाखुर्द, रेवती साहू सरपंच बसुलाडबरी, पार्वती नायक सरपंच जुनवानी खुर्द, काजल साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिहाझर, विवेक तिवारी ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास, समाज कल्याण महासमुंद के अधिकारी एपी दिवेदी, अस्थि विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, श्रवण बाधित विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ, जनपद के कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक वह दिव्यांगजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : सरपंच सिन्हा



**पिथौरा (ग्रामीण)।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाकुरदिया खुर्द में शासकीय पट्टे की भूमि पर बिना डायवर्सन अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। इसको लेकर पंचायत के सरपंच मनोज कुमार सिन्हा सहित ग्रामीणों ने तहसीलदार पिथौरा से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सरपंच मनोज ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 9, दामाद पारा स्थित शासकीय भूमि बड़े झाड़ जंगल मद की भूमि पर ग्राम छोटे पटनी, थाना बसना निवासी गजानंद निषाद पिता पैतराम निषाद द्वारा बिना किसी अनुमति व डायवर्सन के अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार रोक लगाने के बावजूद भी निर्माण जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि गजानंद निषाद द्वारा शासकीय जोगी डाबरी पर भी कब्जा किया जा रहा है तथा उस डाबरी को अपना बताते हुए ग्रामीणों को निस्तारी हेतु उपयोग करने से रोका जा रहा है। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन रही है और ग्रामीण नाराज हैं। सरपंच मनोज कुमार सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने तहसील प्रशासन से मांग की है कि मौके पर जांच कर अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए तथा दोषी पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

### राष्ट्रपति ने जल संचय, जन भागीदारी अभियान अंतर्गत जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कलेक्टर को किया सम्मानित

**महासमुंद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को जल संचय, जन भागीदारी (जेएसजेबी 1.0) के तहत पूर्वी जोन में शामिल कैटेगरी 2 अंतर्गत महासमुंद जिला को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया है। विज्ञान भवन नई दिल्ली में आज आयोजित 6वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय, जन भागीदारी अवार्ड समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिले में जल संचय, जन भागीदारी में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए पुरस्कार दिया। जिससे जिले को एक करोड़ रूपये का प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल, केंद्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री वी सोमन्ना एवं अन्य अतिथियों के अलावा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। जिले की ओर से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के साथ जल संसाधन विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता अजय खरे भी मौजूद रहे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले को प्राप्त इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय संपूर्ण महासमुंद जिलेवासियों को दिया है।

# भाजपा की टीम में जिला मंत्री के रूप में नियुक्त हुए हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा जिला की नई टीम में बागबाहरा के समाजसेवी एवं युवा उद्योगपति हेमंत तिवारी को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। तिवारी के जिला मंत्री बनने पर बागबाहरा नगर आगमन पर स्टेशन चौक विधानसभा के प्रमुख भाजपाई पदाधिकारी एवं नेताओं ने आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष डाली डिंपल ध्रुव, नरेश चंद्राकर, शंकर तांडी, अतुल गंढेचा, आबिद खान, हरमीत बग्गा, अरविंद सलूजा, चंद्रशेखर ध्रुव, नारायण तांडी, राजेश बागनी, राजा देवांगन, दुर्गा शंकर दुबे, सिकंदर सोनवानी, पार्षद सरिता ध्रुव, मोनिका दिलीप साहू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि बता दें कि संगठन के काम में माहिर तिवारी बाल्य काल से ही अपने राजनीतिक जीवन का बागबाहरा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष के रूप में शुरुआत की और प्रदेश के कई जिलों के प्रभारी के रूप में संगठन को मजबूती प्रदान की। गरियाबंद, भिलाई-दुर्ग जिले के प्रभारी के रूप में उन्होंने संगठन में बेहतर कार्य किया। पूर्व में उनको सन 2011 व 2013 में सदस्य प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई, जिन्होंने खल्लारी विधानसभा में सबसे अधिक सदस्य बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया। खल्लारी विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की विकास यात्रा के प्रभारी के रूप में भी उन्होंने कार्य किया। जन सेवक के रूप में कोरोना कल में खल्लारी विधानसभा के लोगों के लिए जीवन रक्षक दवाइयां एवं उपकरण एवं अस्पताल मुहैया कराया और क्षेत्र के कई सौ लोगों की जान बचाई जन सेवा के रूप में खलारी विधानसभा में क्षेत्र के विकास के लिए भी अभी हाल में उन्होंने उपमुख्यमंत्री से मिलकर करोड़ों रुपए स्वीकृत कराया था।

# भागवत महापुराण कथा में तुलसी वर्षा के साथ जीवन का महत्व का किया उल्लेख



**महासमुंद।** बागबाहरा के वार्ड नंबर 12 तेंदूलोथा में भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के आठवें दिन तुलसी वर्षा के साथ जीवन का महत्व बताया। कथावाचक आचार्य नारायण शुक्ला ने कथा प्रसंग में कहा कि हम मनुष्य बड़े ही भाग्य वाले होते हैं, जो भगवान की भक्ति कर सकते हैं। वेद पुराणों के अनुरूप चार लाख 84 हजार योनि के पश्चात ही मानव जीवन की प्राप्ति होती है। इसी मानव जीवन में प्रभु की भक्ति सर्वोपरि है, जो भी मानव सधो हृदय से भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करता है। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं उस भक्त की सभी मनोकामना पूर्ण कर उनके दुख दूर कर लेते हैं। कथा प्रसंग में तुलसी वर्षा व श्रीमद भागवत महापुराण का पाठ कर भगवान का परलोकधाम गमन के बारे में वर्णन कर जनमानस को भक्ति गीत संगीत के साथ सराबोर किया। इस अवसर पर श्रद्धालु भी भक्ति से ओत प्रोत होकर नृत्य कर झूमने लगे। तुलसी वर्षा के पश्चात श्रीमदभागवत महापुराण की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक संतोष इंदिरा चंद्राकर है।



### 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कंचन को मिला पदक

**महासमुंद।** जिले के एकमात्र अंग्रेज़ी माध्यम महाविद्यालय स्वामी आत्मानंद आदर्श अंग्रेज़ी माध्यम महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा कंचन सेन ने सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 20 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता एमवीपीजी महाविद्यालय के तत्वावधान में 15 नवंबर को वन विभाग मैदान में आयोजित की गई थी, जिसमें महासमुंद परिक्षेत्र के 10 से अधिक महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंचन सेन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है, जो 5 से 7 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित होगी। कंचन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में क्रीड़ा अधिकारी तृपेश साहू का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने कंचन सहित सभी खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण एवं निरंतर प्रोत्साहन प्रदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य. डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने कंचन सेन को इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए इसे महाविद्यालय एवं जिले के लिए गौरव बताया।

# लाफिनखुर्द में नशामुक्ति शपथ एवं रैली का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में व्यसन मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नशामुक्ति शपथ एवं जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य भारत साहू द्वारा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को नशा न करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशा त्यागने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के पश्चात प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा गांव में नशामुक्ति रैली निकालकर जनजागरुकता का संदेश दिया गया। रैली में बच्चों ने जोशपूर्ण नारों के साथ पूरे गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर ग्रामीणों को नशा मुक्ति पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य नामदेव साहू ने कहा कि नशा नाश की जड़ है, हमें आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने गांव में सामूहिक प्रयासों से नशा मुक्ति कार्ययोजना बनाने पर भी बल दिया। संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए सभी नागरिकों को नशा छोड़ने का आह्वान किया तथा गांव को नशा मुक्त बनाने में सहयोग देने की अपील की। रैली का समापन प्राथमिक/माध्यमिक शाला प्रांगण में हुआ, जहाँ प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक देशमुख ने बच्चों को नशामुक्त जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से भुनेश्वरी जांगड़े (व्याख्याता), ममता ठाकुर (व्याख्याता), प्रीति चंद्राकर, विनीता अंजलि दीवान (व्याख्याता), प्रकाश चंद्राकर, व्याख्याता नेताम, डिगम चंद्राकर, अमित देवांगन, काजल गुप्ता, नवीन साहू सहित सभी शिक्षकगण एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख भारत साहू ने आभार व्यक्त किया।

# धान खरीदी के तीसरे ही दिन सरकार की खुली पोल, साय के सुशासन में किसानों के निकल रहे आंसू : मानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने किया सोसाइटियों का निरीक्षण



प्रदेश सरकार के दावों और जमीनी स्थिति में कितना अंतर है, इसका ताज़ा उदाहरण धान खरीदी के तीसरे दिन ही ज़िले में साफ नजर आया। किसान जहा उम्मीद लेकर समितियों में पहुंच रहे हैं, वहीं अधिकांश धान उपार्जन केंद्रों में तालाबंदी और अव्यवस्था ने "सुशासन" की हवा निकाल दी है। मंचों से किसानों की आय दोगुनी करने और धान खरीदी को सुचारू बताने के दावे करती है, वहीं सच्चाई यह है कि जिले की कई समितियों में ताले लटके मिले, बिजली नहीं है, कंप्यूटर बंद हैं, और सफाई की तो बात ही दूर कुछ जगहों पर बैठने तक की व्यवस्था नहीं।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने जिले के कई बड़े धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जो स्थितियां सामने आईं, वे सरकार के "सिस्टम" पर सीधा सवाल खड़ा करती है। तुमगांव नगर समिति में ताला बंद है, खरीदी शुरू ही नहीं हुई, ऑनलाइन टोकन कट चुके हैं, किसान धान लेकर सुबह से खड़े रहे, लेकिन समिति का ताला ही नहीं खुला। मजबूर होकर किसानों को धान वापस लेकर लौटना पड़ा। भोरिंग सोसायटी बिजली नहीं, कंप्यूटर नहीं, सफाई नहीं। अब तक बिजली कनेक्शन नहीं, मशीनें बंद पड़ी हैं। जहां से ऑनलाइन खरीदी होनी है, वही सिस्टम ठप। किसान घंटों भटके, नतीजा शून्य खरीदी। नारतोरा, अचानकपुर, सिरपुर, पटेवा हालात एक जैसे हर जगह ताले, अव्यवस्था, स्टाफ लापता और किसानों को लौटने मजबूर करने वाली स्थिति।

मानिक साहू ने धान खरीदी केंद्रों का आज निरीक्षण करने के बाद कहा कि सरकार के दावे मज़ाक है,किसानों को समय पर खरीदी का वादा झूठा साबित हुआ है, ऑनलाइन टोकन का कोई मतलब ही नहीं, प्रशासन ने मौके पर तैयारियां तक नहीं की, बिजली, कंप्यूटर, सुरक्षा, स्टाफ कुछ भी समय पर उपलब्ध नहीं है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने विज्ञप्ति में कहा है कि किसान परेशान हैं, इसके लिए आखिर जिम्मेदार कौन? धान कट चुका, किसान धान लेकर केन्द्रों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन व्यवस्था नदारद।



### नशामुक्त भारत अभियान के तहत बिरकोनी स्कूल में ली गई नशामुक्ति की शपथ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में नशा मुक्त भारत अभियान के 5वें वर्षगांठ पर विद्यालय के समस्त बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी के द्वारा शपथ दिलाया गया कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएँगे, क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने ज़िले एवं राज्य को नशामुक्त कराने का दृढ निश्चय करें। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, लता राजन, रागिनी चंद्राकर, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, रंजीता दुबे, तारामती साहू, रिचा पांडे मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता, राजेश कुमार सोनी, सुशीला जुल्फे, हेमलता चंद्राकर, सुरेश कुमार गुप्ता, रेणुका चंद्राकर, सौरभ साहू, भानेंद्र बिसेन, साधना रानी एवं बच्चे उपस्थित थे।

# जब जनगणना होने वाली है तो विशेष मतदाता पुनरीक्षण क्यों: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने

- देश के अरबों रुपए की हो रही बर्बादी



वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ राज्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए शुरू हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को वर्तमान परिस्थितियों में अनावश्यक कार्य और देश के अरबों रुपए की बर्बादी बताया। अंकित ने इसे जनगणना कार्यक्रम को और टालने का बहाना भी बताया और कहा कि 2011 के बाद से देश में जनगणना नहीं हो पाई है, जिससे ग्राम, पंचायत, तहसील, जिला, प्रदेश और देश के विकास की योजनाएं नहीं बन पा रही, कई पंचायतें बहुत बड़ी हो चुकी हैं, नई जनगणना के अभाव में विघटित होकर नई पंचायत नहीं बन पा रही और ना ही वास्तविक जनगणना के अभाव में सही विकास योजनाएं बन पा रहीं है। अंकित ने बताया कि जो जानकारियां मतदाता सूची सुधारने के नाम पर विशेष गहन पुनरीक्षण में मांगी जा रही है और भारत निर्वाचन आयोग जिस बात की दुहाई दे रहा है उसे सुधारने के लिए सबसे पहले पूरे देश में जनगणना करवानी चाहिए। क्योंकि, भारत देश में जनगणना के लिए भी नागरिकों से कुछ बुनियादी और आवश्यक जानकारियां माँगी जाती हैं। जिसमें, नाम, पिता, पति का नाम, पता, फोटो, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, घर के अन्य जीवित सदस्यों की जानकारी से संबंधित प्रमाण पत्र मांगे जाते हैं और यही अधिकतर बातें विशेष गहन पुनरीक्षण में भी मांगी जा रही है। अंकित ने अनुमान लगाते हुए कहा कि कहीं ये मध्यावधि चुनाव का संकेत तो नहीं है। क्योंकि, जिन जिन राज्यों में हो रहा है उसमें से अधिकतर राज्यों में सरकारें हर 5 साल में बदलते रहती है या वहां भाजपा का अस्तित्व नहीं है। अंकित ने कहा कि अगर भारत निर्वाचन आयोग मात्र भाजपा के हिसाब से काम नहीं कर रहा है और उसकी मंशा मतदाता सूची में वास्तविक सुधार है तो उसे जनगणना के बाद करना चाहिए, प्रत्येक मतदाता को आधार से लिंक कर देना चाहिए। अंत में अंकित ने जमीनी सच्चाई का एक सवाल जिला निर्वाचन से किया कि खरीफ की खेती निपटने के बाद महासमुंद जिले से लगभग एक लाख से ज्यादा लोग पलायन करते हैं उनका क्या होगा ? और वे मतदान से वंचित न हो उसके लिए जिला प्रशासन क्या कदम उठा रहा है।

### महाविद्यालय में सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 15 नवंबर को सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बलौदा बाजार महासमुंद सेक्टर से 21 महाविद्यालय के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ रविंद्र नाथ मिश्रा एवं डॉ विकास साहा (सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी) उपस्थित रहे। खेल की शुरुआत 5000 मीटर दौड़ से शुरू हुआ फिर क्रमशः गोला फेंक, लंबी कूद,100 मीटर, दौड़ 400, मीटर दौड़, भाला फेंक, 800 मीटर दौड़, ऊंची कूद, 200 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, तवा फेंक, त्रिकूद, तारगोला फेक, 10000 मीटर दौड़, 20 किलोमीटर पैदल चाल आयोजित किया गया। पुरुष वर्ग (प्रथम स्थान) 100 मीटर दौड़ पारस तारक, 200 मीटर दौड़ पारस तारक, 400 मीटर दौड़ दुर्गेश ध्रुव, 800 मीटर दौड़ यशराज रात्रे, 1500 मीटर दौड़ यशराज रात्रे, 5000 मीटर दौड़ खिलेश्वर, 10000 मीटर दौड़ यशराज रात्रे, लंबी कूद में चमन बंजारे, ऊंची कूद देवब्रत साहू, त्रिकूद अजय, गोला फेंक दुर्गा प्रसाद, भाला फेंक मिथिलेश, तवा फेंक कुणाल वास, तारगोल राज बघेल। महिला वर्ग में( प्रथम स्थान) में 100 मीटर दौड़ डॉली यादव, 200 मीटर दौड़ ममता धीवर, 400 मीटर दौड़ ममता धीवर, 800 मीटर दौड़ पायल सोनी, 1500 मीटर दौड़ पायल सोनी, 5000 मीटर दौड़ दुर्गा, 10000 मीटर दौड़ आरती ध्रुव, लंबी कूद डॉली यादव, ऊंची कूद प्राची, त्रिकूद सानिया, गोला फेंक सानिया, भाला फेंक राधिका, तवा फेंक पल्लवी यादव, तारगोला फाल्गुनी सोनी, 20 किलोमीटर पैदल चाल कंचन सेन रही। कार्यक्रम में डॉक्टर मलती तिवारी, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, गेश्वर दीवान, वेद देवांगन, सौरव साहू, प्रकाशमणि, सत्य प्रकाश दुर्गा, मुकेश पंडरिया, कपिल पंडरिया आदि मौजूद रहे।



## सिरपुर क्षेत्र में बेहतर कबड्डी ग्राउंड के लिए हमारा प्रयास जारी : अमर

**महासमुंद।** ग्राम केडियाडीह में आयोजित जय ठाकुर देव कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति व वर्तमान जिपं सदस्य सृष्टि चंद्राकर के प्रतिनिधि अमर अरूण चंद्राकर शामिल हुए। ग्राम केडियाडीह पहुंचने पर पारंपरिक स्वागत पश्चात अमर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिरपुर क्षेत्र कबड्डी आयोजन के लिए प्रख्यात है। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए एक सुव्यवस्थित कबड्डी मैदान मिले। कार्यक्रम में प्रथम विजेता टीम जय ठाकुर देव केड़ियाडीह, द्वितीय पाटनदादर, तृतीय खमतराई, चतुर्थ खैरझिटी, पंचम केडियाडीह, षष्ठम कर्राडीह की टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निहाल सोनकर, अध्यक्ष बलीराम निषाद, सचिव खिलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष गजानंद निषद, सतवन ध्रुव व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### विरोध प्रदर्शन : विधायक चातुरी नंद ने दिया कर्मचारियों को समर्थन

# राजेश की गिरफ्तारी के विरोध में उतरे समिति कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सहकारी समिति तोरेसिंहा के प्रबंधक

- चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

राजेश प्रधान की गिरफ्तारी के विरोध में सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने स्थानीय नई मंडी प्रांगण में धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया। इस दौरान विधायक चातुरी नंद भी आंदोलन को समर्थन देने पहुंची। सहकारी समितियों के कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर इन दिनों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। विगत 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो चुकी है, जिसे देखते हुए शासन द्वारा वैकल्पिक तौर पर धान खरीदी के लिए अन्य विभाग के कर्मचारियों को प्रभारी बनाया गया है। वहीं एस्मा लगाकर उन्हें काम पर लौटने की चेतावनी भी दी जा रही है। बावजूद समिति कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं। इसी बीच बीती रात एस्मा के बावजूद काम न करने का हवाला देते हुए सहकारी समिति तोरेसिंहा के समिति प्रबंधक राजेश प्रधान को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी होते ही सभी समिति प्रबंधक स्थानीय नई मंडी प्रांगण में एकत्रित हुए और शासन प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया।

यहां से थाने का घेराव करने के लिए सभी प्रबंधक निकल रहे थे, तभी क्षेत्रीय विधायक नंद कर्मचारियों को समर्थन देने के लिए वहां पहुंची। उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी से फोन पर चर्चा करते हुए किस आधार पर प्रधान को गिरफ्तार करने की बात कही, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा भी एस्मा का हवाला देते हुए उनके विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने की बात कही गई।



धरना प्रदर्शन कर रहे सहकारी समिति संरक्षक ललित दास ने बताया कि पिछला धान महीनों तक पड़ा रहा। उसमें आने वाली सूखत को कम करना चाहिए, शॉर्टेज आने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी के ऊपर वसूली का प्रकरण बनाया जाता है। सूखत के लिए पिछले समय भी मांग की गई थी, जिस पर शासन द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मांग जस की तस पड़ी हुई है। वहीं उन्होंने बताया कि ऑपरेटरों को केवल 6 माह का ही वेतन दिया जाता है, उनके लिए भी 12 महीनों का वेतन देने की मांग की जा रही है। इसी तरह उपार्जन कर्मचारियों के साथ सहानुभूतिपूर्वक बातचीत करते हुए उन्हें समझौता करना चाहिए। ऑपरेटर के वेतन के संबंध में केंद्र पुटका के संतोष पटेल ने बताया कि 72 घंटे में धान उठाव किया जाना चाहिए, जिससे किसी भी प्रकार की सूखत की समस्या नहीं होगी। वहीं उन्होंने पीडीएस दुकानों में चावल में आने वाली कमी की क्षतिपूर्ति के लिए 5 हजार रुपए की व्यवस्था करने की भी मांग की है।

### अव्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बेलमुंडी, बटकी एवं अन्य कुछ धान उपार्जन केंद्रों में नई खरीदी प्रभारियों के द्वारा लिए जा रहे धान पर असंतोष जताते हुए कुछ किसानों द्वारा विरोध प्रकट करने के बाद भी सामने आ रही है। किसानों का कहना है कि नए प्रभारियों के पास धान खरीदी का अनुभव नहीं है। शासन की व्यवस्था के अनुसार सही ढंग से धान नहीं लिया जा रहा है। वे किसी का नमीयुक्त धान भी रख लेते हैं, तो किसी की थोड़ी सी नमी को भी वापस कर दिया जाता है। इस प्रकार कई समितियों में धान खरीदी में किसानों का आक्रोश भी देखा जा रहा है। अंततः 11 बजे पुलिस द्वारा समिति प्रबंधक प्रधान को छोड़ा गया। तब समस्त समिति के प्रबंधकों ने एवं अध्यक्ष भोजराज साहू ने विधायक तथा मीडिया को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सरकार जायज मांगे भी पूरा नहीं कर रही:विधायक

कर्मचारियों को समर्थन देने पहुंची विधायक नंद ने कहा कि सरकार जायज मांगों को भी पूरा करने की पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में उन्हें पूरे 12 महीने का वेतन मिलता था, जबकि अभी सिर्फ 6 महीने का ही वेतन मिल रहा है।

# जोगनीपाली में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

जनजातीय गौरव दिवस एवं जननायक बिरसा मुंडा जयंती पर ग्राम जोगनीपाली में सर्व आदिवासी समाज तथा माता सावित्रीबाई फुले महिला समूह के संयुक्त तत्वावधान में वीर बिरसा मुंडा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनजातीय अस्मिता, गौरव एवं समाज की एकता का अद्भुत संदेश देने वाला रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी समाज के प्रांताध्यक्ष जयदेव भोई उपस्थित रहे। अध्यक्षता अनिता चौधरी राष्ट्रीय सदस्य मानवाधिकार आयोग ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सदस्य उर्मिला खाखा, ग्राम पंचायत जोगनीपाली की सरपंच शिवकुमारी महेंद्र चौधरी, पूर्व स्काउट गाईड संघ अध्यक्ष अमृतलाल पटेल, रोशन भोई सवरा समाज जिला कोषाध्यक्ष तथा जनजाति प्रांतीय पुरोहित चैत्रराम भोई कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर अनिता चौधरी ने कहा कि जनजातीय समाज के इतिहास को हर किसी को जानने की जरूरत है। इसे लेकर ही केंद्र सरकार ने इस अभियान की शुरुआत की है। स्कूल-कॉलेजों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।



आदिवासियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हर क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा जा रहा है। उन्हें शिक्षित बनाने के साथ रोजगार से जोड़ा जा रहा है। आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन रामकुमार निषाद तथा तेजराज बीसी ने किया।

कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष, उनकी वीरता, जल-जंगल-जमीन की रक्षा के अदम्य साहस एवं उनके राष्ट्रनिर्माण में किए गए योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने उन्हें युवा पीढ़ी के लिए महान प्रेरणा बताया। मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट वक्ताओं ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी विरासत, संस्कृति और संघर्षों को याद करने का अवसर है। उन्होंने समाज की एकजुटता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। पूरे आयोजन ने जोगनीपाली में राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना की नई प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम में जगदीश पटेल, लक्ष्मी प्रसाद पटेल, कुबेर चरण चौधरी, शोभा चौधरी, गंगाबाई सिदार, शकुंतला चौधरी, प्रीति साहू, महेंद्र चौधरी, प्रियंका यादव, लीला सिदार, रानी जगत, चुमनलाल चौधरी, दुलकु प्रधान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 12 महान विभूतियों को किया गया सम्मानित

समारोह में क्षेत्र में उत्कृष्ट, अतुलनीय एवं समाजहित में निरंतर योगदान दे रहे 12 महान विभूतियों को वीर बिरसा मुंडा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसमें तेजराम बीसी, आलेख भोई, श्रद्धाराम सिदार, जगमोहन सिदार, सिंधु जगत, गंगाबाई सिदार, दुर्गा सिंह नेताम, देव ठाकुर, रोशन भोई, मनोज सिदार, भूमिका सिदार, ललिता सिदार शामिल है। इन सभी विभूतियों ने अपने-अपने क्षेत्र में जनसेवा, सामाजिक उत्थान, शिक्षा, संस्कृति, जनजातीय परंपरा संरक्षण तथा समाज के सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान देते हुए एक मिसाल कायम की है।

# नशामुक्ति को लेकर बार नवापारा में जागरुकता रैली, छात्र-छात्राओं ने ली सामूहिक शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार नवापारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं बया पुलिस चौकी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ग्राम बार में नशामुक्ति अभियान के तहत जनजागरुकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रांगण में आयोजित शपथ सभा से हुई, जिसमें छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, पुलिस विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। शपथ ग्रहण के दौरान बया चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक अश्विनी पड़वार ने नशामुक्ति अभियान के उद्देश्य, महत्व और इसके सामाजिक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी तथा सभी को नशामुक्त समाज निर्माण के लिए सामूहिक शपथ दिलाई। शपथ सभा के उपरांत विद्यार्थी रैली के रूप में अनुशासित पंक्तियों में गाँव की गलियों की ओर रवाना हुए।

रैली के दौरान छात्रों ने हाथों में बैनर-पैम्फलेट लेकर नशा से नाता तोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो सहित अनेक संदेशपूर्ण नारे लगाए। भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय जवान जय किसान जैसे जोशीले देशभक्ति नारों से पूरा ग्राम वातावरण गुंजायमान हो उठा। विद्यार्थियों का उत्साह और उनके द्वारा दिया गया जागरुकता संदेश ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करने में प्रभावी रहा।




इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग से-सहायक उपनिरीक्षक अश्विनी पड़वार, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र ठाकुर, आरक्षक मृत्युंजय महिलांगे, आरक्षक लकेश्वर पुरेना। शिक्षण संस्थान से-संस्था प्रमुख गुलाब राम चौधरी, प्रधान पाठक लोचन प्रसाद, प्रधान पाठक दुर्गा प्रसाद जांगड़े, शिक्षकगण दुर्गेश कुमार वर्मा, चन्द्रभान कैवर्त, नवीन महिलकर, टकेश्वर साहू, श्रीकांत पुरेना, गोपीचंद निषाद, परमेश्वर वर्मा, पुष्पांजलि बरिहा, अतिथि शिक्षक चितरंजन कैवर्त, महेन्द्र प्रभाकर, हेमकुमार भोई।साथ ही बार सरपंच प्रतिनिधि भुवन यादव एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।



## खबर संक्षेप

### बिंद्रावन में कुराल पूजा महोत्सव 25 को

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन के कुंभकार समाज द्वारा प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी कुराल पूजा महोत्सव मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी 25 नवंबर मंगलवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक दिन पूर्व 24 नवंबर सोमवार को सायं बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 7 बजे सुर सुरभि पंडवानी गायिका पूनम सिन्हा का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन प्रातः 8 बजे से हवन पूजन एवं दोपहर 1 बजे महाभंडारा प्रसादी वितरण होगा।

### पोर्टल में संशोधन के लिए अतिरिक्त समय 25 तक

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025 के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में नए पंजीयन एवं पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की समय-सीमा पूर्व में 31 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई थी। इसी क्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए शेष कृषकों एवं डूबान क्षेत्र के वन पट्टाधारी कृषकों के प्रकरणों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए अतिरिक्त समय सीमा का प्रावधान किया गया है। आदेशानुसार, एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषकों, डूबान क्षेत्र के वन पट्टाधारी कृषकों के कैरी फॉरवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए अतिरिक्त एक सप्ताह का समय प्रदान किया गया है। यह संशोधन अब 19 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक तहसील लॉगिन के माध्यम से किया जा सकेगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें ताकि पात्र किसानों के पंजीयन एवं संशोधन कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो सकें।

### धान उपार्जन केंद्र में घोर लापरवाही उजागर

**बसना।** धान उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था और लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नरसैयापल्लम में धान खरीदी के लिए मृत सचिव रविलाल चौहान, जो ग्राम राजपुर के निवासी थे, उनका निधन 6 सितंबर को हो चुका है। इसके बावजूद मृत व्यक्ति के नाम पर ही धान खरीदी का जिम्मा सौंप दिया गया, जो विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित केंद्र में खरीदी व्यवस्था पहले से ही अव्यवस्थित थी, लेकिन मृत पंचायत सचिव के नाम पर जिम्मेदारी दर्ज होना प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। इस पूरे प्रकरण से किसान भी परेशान हैं और धान खरीदी कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है। ताकि, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो सके और खरीदी व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

### मदकू द्वीप और कानन पेंडारी का किया भ्रमण

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के बीए भाग- तीन भूगोल के विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन, एमएन सिदार के मार्गदर्शन तथा एसपी खड़बंधे देवेश राणा (सहायक प्राध्यापक भूगोल), शुभम पटेल( प्रयोगशाला तकनीशियन) के नेतृत्व में छग राज्य के मुंगेली जिले में स्थित मदकू द्वीप, ताला गांव एवं बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी का भ्रमण किया। विदित हो कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने बीए भाग तीन प्रायोगिक भूगोल के पाठ्यक्रम में भौगोलिक भ्रमण को शामिल किया है। जिसमें बीए के छात्र प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक तत्वों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर भौगोलिक समीक्षा करने में समर्थ हों तथा भूगोल को निकट से समझ सकें। इस आशय से भूगोल विभाग द्वारा 15 नवंबर को मदकू द्वीप जो की मुंगेली जिले में शिवनाथ नदी के दो धारा में बटा एक नदी द्वीप है जो भौगोलिक प्राकृतिक भौगोलिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है तथा ताला गांव में मनियारी नदी के तट पर स्थित देवरानी जेठानी मंदिर छत्तीसगढ़ का सबसे प्राचीन मंदिर है, यहीं पर रूद्र शिव की विशाल प्रतिमा स्थित है। बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी (चिड़ियाघर) का भ्रमण किया।

## निर्देश : जिपं सीईओ ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# सभी सहकारी समितियों में धान खरीदी प्रारंभ हो: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने

- एसआईआर अंतर्गत डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी लाएं

समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को आबंटित उपार्जन केंद्रों को शत प्रतिशत चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में वैकल्पिक व्यवस्था के अनुरूप कार्यों को तत्काल प्रारंभ करें। उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी 16 चेक पोस्टों के माध्यम से ड्यूटीरत अधिकारियों को धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए है। आवश्यकता पड़ने पर नए और दूसरे स्थानों पर भी चेक पोस्ट खोलने कहा है। उन्होंने अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाने पर तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज करने कहा है। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए धान खरीदी नीति के 29 बिंदुओं की चेकलिस्ट के अनुसार सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों की खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सहज बने, इसके लिए सीसीटीवी कैमरों को चालू स्थिति में रखा जाए तथा निगरानी टीमों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। खरीदी केंद्रों में आवश्यक संसाधन, तोल उपकरण, मिलान पर्ची व्यवस्था, ऑनलाइन एंट्री और तौल-प्रक्रिया को समय पर पूर्णता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने केंद्रों का निरीक्षण करने टोकन की जानकारी, स्टेकिंग आदि की जानकारी रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सीईओ नंदनवार ने कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप विभागवार समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रक, राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।



### समय सीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

सीईओ नंदनवार ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी बीएलओ गणना पत्रक के शत प्रतिशत वितरण का कार्य सुनिश्चित करें। सभी मतदाताओं तक गणना पत्रक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एआरओ एवं ईआरओ को भरे हुए गणना और घोषणा पत्रों के डिजिटाइजेशन के कार्य को भी करने के निर्देश दिए हैं। तत्पश्चात उसके कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जारी समय सारणी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को प्रशिक्षण में बताए गए बिंदुओं के आधार पर निर्धारित समय 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर सत्यापन कार्य अंतर्गत पात्र मतदाताओं का गणना प्रपत्र में आवश्यक विवरण पूर्ण रूप से भरकर संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पात्र मतदाताओं को शामिल करने तथा अपात्र मतदाता को हटाने के निर्देश दिए है। सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भागीदारी और सहयोग करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि जिले के चार विधानसभा केंद्रों में 1083 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं तथा 98.49 प्रतिशत गणना पत्रक वितरित किए जा चुके है।

# घुंचापाली में नहीं हो रही धान खरीदी, किसानों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ब्लाक बागबाहरा के कृषि साख सहकारी समिति खोपली के उपकेंद्र ग्राम घुंचापाली में धान खरीदी केंद्र में खरीदी नहीं होने कारण सैकड़ों किसान गेट पर तालाबंदी कर विरोध किया। घुंचापाली उपखरीदी केंद्र में चार गांव घुंचापाली, नवागांव पड़कीपाली, जुवानी गांव के किसान 45 हजार क्विंटल धान बेचते हैं। सोसायटी के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है।

जिला प्रशासन खरीदी के लिए ग्राम पंचायत सचिव एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की है, पर हमाल नहीं है। केंद्र में लाइट की भी व्यवस्था नहीं है। बारदाना की कटाई व निशान भी नहीं लग पाया है। जिसके कारण 18 तारीख तक खरीदी प्रारम्भ नहीं हो पाई। इसी बात का किसान विरोध कर रहे हैं। मौके पर पहुंचे नोडल अधिकारी ने कहा कि व्यवस्था दुरुस्त कर अभी खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी। जानकारी मिलते ही केशव चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा ग्राम घुंचापाली पहुंच कर किसानों का समर्थन करते हुए खरीदी केंद्र के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि किसानों की फसल पक कर पूरी तरह तैयार है। पहले 1 नवंबर से धान खरीदी चालू होती थी, जिसे बढ़ाकर सरकार द्वारा 15 नवंबर कर दिया गया है, लेकिन आज दिनांक भी खरीदी केंद्र में धान का एक दाना नहीं खरीदा गया है।

इस संबंध में प्राधिकृत चंद्रशेखर ध्रुव ने बताया कि प्रशासन द्वारा खरीदी केंद्र में कर्मचारियों की व्यवस्था कर दी गई है। हमालों व किसानों से भी सहयोग लेकर धान खरीदी केंद्र चालू हो जाएगा। नोडल अधिकारी लीलाधर डंडसेना ने बताया कि सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई है और धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया जा रहा है।

### कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा 25 को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर भौतिकशास्त्र का प्रायोगिक परीक्षा 25 नवंबर मंगलवार को होगी। अधिक जानकारी के लिए भौतिकशास्त्र विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं।

## परसुली केंद्र में तीसरे दिन भी नही हुई खरीदी, प्रशासनिक व्यवस्था चरमराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छग में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरूवात हो गई है। वहीं जिले के अंतिम छोर अंतरराज्यीय सीमा के प्राथमिक साख सहकारी समिति पंक्र 862 परसुली उपार्जन केंद्र में तीसरे दिन भी धान खरीदी शुरू नही हो पाई है। सहकारी समिति कर्मचारी संग की हड़ताल से केंद्र में धान खरीदी की व्यवस्था चरमरा गई है। इस केंद्र की संचालन की जिम्मेदारी पंचायत सचिव सुनीता सोनवानी को सौंपा है। जानकारी के अनुसार नये प्रभारी व ऑपरेटर ड्यूटी पर पहुंच तो गए है। लेकिन, वहां अब उन्हें साफ्ट वेयर अपडेट नही होने की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## खूंखार नक्सली माड़वी और उसकी पत्नी का हुआ मुठभेड़ में अंत

केंद्र और राज्य की निर्णायक रणनीति नेतृत्व ने बदला नक्सल युद्ध का परिणाम : प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



दुर्दांत एवं खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा और उसकी पत्नी का सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में अंत होने पर इसे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को ऐतिहासिक सफलता बताते हुए युवा भाजपा नेता प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि हिड़मा पर 1 करोड़ रुपए से अधिक का इनाम घोषित था और वह अनेक जघन्य, दर्दनाक और राष्ट्रविरोधी नक्सली घटनाओं का मुख्य मास्टरमाइंड था। उसका खात्मा न केवल नक्सली तंत्र के लिए भारी धक्का है बल्कि दशकों से नक्सली हिंसा झेल रहे निर्दोष नागरिकों के लिए न्याय का ऐतिहासिक क्षण भी है।

## नशामुक्ति व छात्र सुरक्षा पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

सांकरा थाना के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रिपुर में विद्यार्थियों के लिए नशामुक्ति, छेड़खानी से बचाव एवं छात्र सुरक्षा विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




इस अवसर पर एएसआई राजेंद्र प्रसाद भोई, प्रधान आरक्षक प्रेमलता नाग तथा विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता मनोज डड़सेना ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान तथा उनसे दूर रहने के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही छेड़खानी, साइबर सुरक्षा, गुड-टच–बैड-टच और आत्म-सुरक्षा के अधिकारों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग द्वारा विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए गए। सही उत्तर देने वाले छात्रों को प्रशस्ति स्वरूप पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पी सिदार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नशामुक्ति और छात्र सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा देने में सहायक सिद्ध होते हैं। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने कहा कि समाज को सुरक्षित, जागरूक और नशा-मुक्त बनाने की नींव विद्यालय से ही रखी जाती है। पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी निश्चित ही विद्यार्थियों में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। अंत में एएसआई राजेंद्र प्रसाद भोई के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशा-मुक्त रहने, छेड़खानी के विरुद्ध सजग रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम को विद्यालय परिवार ने अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी बताया।

# नशामुक्ति के लिए भूकेल स्कूल में हुए विविध कार्यक्रम, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर 18 नवंबर को कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग महासमुंद के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय भूकेल के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भूकेल में तत्कालीन भाषण एवं तत्कालीन प्रश्न मंच एवं नशामुक्ति संकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय कुमार सिन्हा उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, अध्यक्षता सीएस पटेल प्राचार्य भूकेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डीके मरावी, नशामुक्त भारत अभियान के यूट्यूबर तिलकराम पटेल, दुखनाशन प्रधान संस्थापक बरडीह, भूपेंद्र प्रधान पीटीआई सेजेस, विजय शंकर विशाल, सहदेव व बरगे, सुनील जैन, रूपधर पटेल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मंचासिन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदर्शवादी सेवा समिति के संस्थापक दुखनाशन प्रधान गांव की सांस्कृतिक पतन का मूल कारण नशापन को बताते हुए कहा नशापन की प्रवृत्ति ने चोरी, हत्या, बलात्कार, सड़क दुर्घटना सहित जघन्य अपराधों का मूल कारण नशापन, शराब सेवन को बताया।

कार्यक्रम को भूतपूर्व प्राचार्य डीके मरावी द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज की परिकल्पना नशापान से दूर रहकर ही किया जा सकता है। नशापन को क्षणिक सुख बताते हुए कहा कि नशापन की आदत बन जाने से पैसे के लिए घर में मारपीट, हत्या तक करनी पड़ती है, नशामुक्त भारत के अभियान तक सफल होगी जब हम स्वयं से शुरू करेंगे। कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग से आए विजय सिन्हा द्वारा विद्यार्थियों को आने कल के भविष्य बताया। राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया, यह तब संभव है जब आप नशारूपी अभिशाप से दूरी बनाकर रखेंगे। प्रकृति की नाश का मूल कारण भी नशापन को बताया। तत्कालीन भाषण में प्रथम स्थान जीसू प्रधान कक्षा नवमी (नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रायोजक तिलकराम पटेल), द्वितीय स्थान ज्योति सीदार (नग़द राशि सहित ट्रॉफी प्रायोजक तिलकराम पटेल) को मिला, तथा तत्कालीन प्रश्न मंच में 10 प्रश्न रखा गया, जिसमें प्रथम चैतन्य प्रसाद, अर्पिता बारिक, प्रवीण पोर्टे, करिश्मा भोई, बासंती पटेल, कमलेश साहू, अंकिता साहू, कुलदीप यादव, दिग्विजय पोर्ते, दीपक यादव को प्राप्त हुआ। उपस्थित छात्र-छात्राओं सहित प्राचार्य, गुरुजनों द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया।



### एंबुलेंस की तत्परता से सड़क हादसे में घायल युवक की बची जान

**बसना।** पिलवापाली के पास शुक्रवार दोपहर हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्परता से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल पिथौरा लाया गया। जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 12:30 बजे बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही 108 एंबुलेंस टीम सक्रिय हुई। मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस कर्मियों ने सड़क किनारे घायल पड़े युवक की स्थिति नाजुक देखते हुए सबसे पहले उसे स्ट्रेचर के माध्यम से एंबुलेंस में शिफ्ट किया। एंबुलेंस टीम ने प्राथमिक उपचार देते हुए युवक को तुरंत ड्रिप लगाया और स्थिति संभालते हुए अस्पताल के लिए रवाना किया। ईएमटी व पायलट की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते घायल को सुरक्षित रूप से पिथौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस टीम की तत्परता की सराहना की और कहा कि समय पर मिली मदद से बड़ा हादसा टल गया।

# धान खरीदी सुचारू हो इस दिशा में और हड़ताल समाप्ति के लिए हो सार्थक पहल: निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने छत्तीसगढ़ शासन से धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने सहकारी समिति कर्मचारियों के आंदोलन को समाप्त करने की दिशा में उचित पहल करने की मांग की है। साहू ने छग शासन से मांग की है कि सहकारी समिति के प्रबंधक, ऑपरेटर व अन्य सहयोगी कर्मचारियों द्वारा विगत पखवाड़े भर से अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। सोसायटी कर्मचारियों के आंदोलन के परिणाम स्वरूप किसान सोसायटी में धान नहीं बेच पा रहे हैं। हमारा प्रदेश धान का कटोरा है, और प्रदेश के अर्थव्यवस्था में धान का बड़ा योगदान है। वर्तमान में सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल के कारण जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही है। जिसके चलते किसानों को टोकन कटाने, धान बेचने में परेशानी हो रही है। कृषि समृद्ध राज्य में किसानों को पहली बार इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, किसान अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं। राज्य गठन के बाद से पहली बार धान खरीदी में इस तरह का विलंब व अव्यवस्थाएं सामने आ रही है। इससे पूर्व भी डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हमेशा 15 नवंबर से धान खरीदी होती रही, उसके बाद पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने 1 नवंबर से पूरे 5 साल तक किसानों से धान खरीदा। यह पहली दफे है कि 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने को था, लेकिन आज खरीदी के तय तिथि के 4 दिन बाद भी जिले के अधिकांश सोसायटियों में धान खरीदी का शुभारंभ तक नहीं हो पाया है। केवल तराजू-बांट की पूजा कर औपचारिकता निभाई गई है। पिटियाझर सोसायटी में 18 नवंबर तक लगभग 150 किसानों का नाम टोकन के लिए रजिस्टर में अंकित किया गया है, लेकिन टोकन किसी का नहीं कट पाया है। जब टोकन ही नहीं कटा है तो धान खरीदी कहां से हो पाएगी।



नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि शासन ने पटवारियों, आरईओ के बाद अब पंचायत सचिवों को धान खरीदी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। लेकिन, अनुभवहीन होने के कारण पंचायत सचिव भी धान खरीदी कार्य संपन्न करा पाने में ऐतराज जता रहे हैं। पहले पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उसके बाद अब पंचायत सचिव भी धान खरीदी करने में हाथ खड़े कर रहे हैं। यदि सहकारी समिति कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो किसानों से धान खरीद पाने में बड़ी परेशानी सामने आ सकती है। साहू ने शासन-प्रशासन से अनुरोध किया है कि महासमुंद विधानसभा सहित जिले के समस्त किसानों की से धान फसल की खरीदी करने शीघ्र ही सहकारी समिति कर्मचारियों के साथ सकारात्मक चर्चा कर हड़ताल समाप्ति की दिशा में पहल करें।

